**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 02.05.2025**

**थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा अवैध गांजे की तस्करी करने वाला 01 अभियुक्त गिरफ्तार , कब्जे से 300 ग्राम अवैध गांजा बरामद ।**

आज दिनांक 02.05.2025 को थाना विजयनगर पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र मे चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना व लोकल इन्पुट के आधार पर अवैध गांजे की तस्करी करने वाले 01 अभियुक्त अशोक पुत्र राम चन्द्र निवासी चरण सिंह कालोनी थाना विजयनगर, गाजियाबाद मूल निवासी गांव धबोलिया दरभंगा थाना कुकेश अस्थान जिला दरभंगा बिहार उम्र 27 वर्ष को कार्बन फैक्ट्री के पास सर्विस रोड़ विजयनगर से गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से अवैध 300 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ है । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

अशोक पुत्र राम चन्द्र निवासी चरण सिंह कालोनी थाना विजयनगर, गाजियाबाद मूल निवासी गांव धबोलिया दरभंगा थाना कुकेश अस्थान जिला दरभंगा बिहार उम्र 27 वर्ष।

**पूछताछ का विवरणः-**

पूछताछ पर अभियुक्त ने बताया साहब मैं गांजा खरीद कर उसे छोटी छोटी पुडियों में पैक कर रेलवे स्टेशन व आर्मी ग्राउण्ड व कार्बन फैक्ट्री के पास चलते फिरते राहगीर को बेच देता हू तथा जो पैसा मिलता है उससे अपने परिवार का पालन पोषण करता हूँ। आज भी मैं अपना माल बेचने के लिये इधर उधर घूम रहा था कि पुलिस द्वारा पकड़ लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त से गांजा कहा से लाते हो पूछा तो बताया कि साहब मुझे माल हर बार कोई नया व्यक्ति राह चलते देता है। जिसे मैं नही जानता हूँ।

**बरामदगी का विवरणः-**

300 ग्राम नाजायज गांजा

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना विजयनगर पुलिस टीम